आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 03.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– फेक न्यूज, लोकतंत्र के लिए खतरा। सरकार, मीडिया संस्थानों के खिलाफ शिकायतों की सक्रिय निगरानी कर रही है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया।
- बागेश्वर में ''आपकी पूंजी–आपका अधिकार'' अभियान के तहत वित्तीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन।
- कुमाऊं स्काउट्स बटालियन ने पिथौरागढ़ जिले में चौदास घाटी के दुर्गम गांव सिरखा में चिकित्सा शिविर लगाया।

**फेक न्यूज**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार और भारतीय प्रेस परिषद दोनों ही किसी भी टीवी चैनल या समाचार पत्र के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए बहुत ही सख्त कानून बनाया है जिससे देश भर के करोड़ों परिवारों को लाभ हो रहा है।

**मुख्यमंत्री/दिव्यांगजन पुरस्कार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व दिव्यांग दिवस पर आज हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने आयुक्त दिव्यांगजन उत्तराखंड के भवन का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस का यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि उन अदम्य जज्बों का सम्मान है, जिन्होंने संघर्ष को शक्ति में बदला और चुनौतियों को अवसर बनाकर समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रति दिव्यांगजनों का परिश्रम और संघर्ष यह संदेश देता है कि दिव्यांगता केवल शरीर में हो सकती है, सपनों में नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार, दिव्यांगजनों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**विश्व दिव्यांग दिवस चम्पावत**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चम्पावत में सात दिव्यांगजनों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन चौहान ने बताया कि सम्मानित होने वाले दिव्यांगजनों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और आठ हजार रुपए की धनराशि के चैक दिए गए। कार्यक्रम में सम्मानित हुई रश्मि जोशी ने इस सम्मान के लिए प्रदेश सरकार और समाज कल्याण विभाग का धन्यवाद किया।

## धर्मेन्द्र अस्थि विसर्जन

बॉलीवुड के ही–मैन के नाम से मशहूर दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां आज हरिद्वार में गंगा में विसर्जित की गईं। परिवार के साथ हरिद्वार पहुंचे धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल और बॉबी देओल ने विधि–विधान के साथ अस्थियां विसर्जित की। गौरतलब है कि 24 नवम्बर को मुम्बई में अभिनेता धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## आपकी पूंजी–आपका अधिकार

बागेश्वर में भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में ''आपकी पूंजी–आपका अधिकार'' अभियान के तहत आज व्यापक वित्तीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर करीब 24 लाख रुपये के 28 चेक पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं, निष्क्रिय खातों, नामांकन, बीमा, केवाईसी और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मिहिर बहादूर सिंह ने बताया कि अगर बैंकों में कोई खाता लंबे समय से निष्क्रिय है, तो उसे फिर से सक्रिय कर धनराशि प्राप्त की जा सकती है।

## चिकित्सा शिविर

कुमाऊं स्काउट्स बटालियन ने पिथौरागढ़ जिले में धारचूला की चौदास घाटी के दुर्गम गांव सिरखा में चिकित्सा शिविर आयोजित किया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद आयोजित इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, दंत परामर्श और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। इस पहल से 133 ग्रामीणों को लाभ मिला, जिन्हें सीमांत क्षेत्र में प्रायः उपलब्ध न हो पाने वाली चिकित्सा सुविधाएँ आसानी से मिलीं। सेना के इस प्रयास ने स्थानीय निवासियों के बीच भरोसा और सहयोग को और मजबूत किया है। ग्रामीणों ने भारतीय सेना का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे शिविर दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी जरूरत को पूरा करते हैं।

## स्वास्थ्य शिविर

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण, अल्मोड़ा की ओर से आज हवालबाग विकासखंड के ग्राम बलढोटी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्राधिकरण के अधिकार मित्रों ने निःशुल्क कानूनी पुस्तकों का वितरण भी किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुष्ठ रोगियों और उनके परिवारजनों की निःशुल्क जांच कर दवाएं वितरित की। प्राधिकरण की सचिव, शचि शर्मा ने दिव्यांगजनों को विधिक प्राविधानों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थी सुंदर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में उनके परिवार की निःशुल्क जांच की गई।

## आपदा प्रशिक्षण

युवा आपदा मित्र योजना के तहत देहरादून में युवाओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आठ दिसंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में युवाओं को आपदा के समय फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में सक्षम बनाया जाएगा। युवाओं को आपदा प्रबंधन अधिनियम, भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ व वनाग्नि से सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, तकनीक, खोज एवं बचाव, संचार प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य आपदा न्यूनीकरण के साथ ही लोगों को जागरूक करना है।